नामदेव छीपा समाज का वार्षिक पंचांग

कोटा। नामदेव छीपा समाज की सामाजिक संस्थाओं द्वारा अपने-अपने स्तर पर वर्षभर सामाजिक गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। तथापि सामाजिक कार्यक्रमों को एक रूपता एवं सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने की दृष्टि से अखिल भारतीय श्री नामदेव छीपा महासभा द्वारा समाज का एक वार्षिक पंचांग (केलेण्डर) तैयार कर समाज हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है। इस पंचांग में हमारी संस्थाऐं चाहें तो आंशिक संशोधन/ परिवर्तन / परिवर्धन कर सकती है। संस्थाओं से हमारा आग्रह है कि कृपया प्रस्तावित केलेण्डर के अनुरूप स्थानीय केलेण्डर निर्धारित कर, कार्यक्रमों की क्रियान्विती सुनिश्चित करावें। इस बाबत आपके कोई सुझाव हो तो कृपया हमें अवश्य प्रेषित करें।

क्र.	गतिविधि / कार्यक्रम	तिथि/दिनांक	टिप्पणी
1.	संत नामदेव जयन्ती दिवस	कार्तिक शुक्ला एकादशी (देवोत्थान एकादशी)	संत नामदेव की जन्मतिथि: कार्तिक शुक्ला एकादशी, विक्रम सं. 1327 है तथा ईस्वी सन् 26 अक्टूबर 1270 है।
2.	सामूहिक विवाह दिवस	देवोत्थान एकादशी (कार्तिक शुक्ल एकादशी)	प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन देवोत्थान एकादशी पर सन् 1969 में कोटा (राज.) में होने की स्मृति में।
3.	संत नामदेव ज्ञानोदय दिवस/ बसंत पंचमी महोत्सव	माघ शुक्ला पंचमी	संत नामदेव को ज्ञान की प्राप्ति होने की स्मृति में यह दिवस मनाया जावे।
4.	संत नामदेव निर्वाण दिवस	आषाढ़ कृष्णा-13	आषाढ़ कृ. 13, विक्रम संवत 1407 को निर्वाण दिवस होने की स्मृति में।
5.	छीपा/छपाई दिवस	अनिर्धारित	इस दिवस की तिथि का निर्धारण प्रत्येक प्रांत अपने स्तर पर कर, प्रति वर्ष इस दिवस का आयोजन कर सकते हैं।
6.	वैवाहिकी परिचय सम्मेलन	एक या दो वर्ष में एक बार	संस्थाऐं अपने स्तर पर आयोजन निर्धारित कर क्रियान्विती करें।
7.	प्रतिभा सम्मान समारोह	प्रतिवर्ष एक बार	प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले वार्षिक उत्सव के दौरान या पृथक से आयोजन हो।
8.	वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह	प्रतिवर्ष एक बार	प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले वार्षिक उत्सव के दौरान या पृथक से यह आयोजन हो।
9.	मातृशक्ति सम्मान समारोह	महिला दिवस पर 8 मार्च को या प्रतिवर्ष एक बार	महिला दिवस पर 8 मार्च को प्रतिवर्ष एक बार या वार्षिक उत्सव के दौरान।

10.	युवा अधिवेशन / युवा दिवस / युवा सप्ताह	प्रतिवर्ष जनवरी माह में अथवा सुविधानुसार	जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में युवा सप्ताह के दौरान
11.	महिला अधिवेशन	प्रतिवर्ष सुविधानुसार या महिला दिवस पर	किसी भी विशेष थीम पर हो, जिसका निर्धारण महिला संगठन करें।
12.	महिला संगोष्ठी	प्रतिवर्ष अथवा छः माह में एक बार।	किसी भी विषय पर हो, जिसका निर्धारण महिला संगठन अपने स्तर पर करें।
13.	केरियर गाइडेंस शिविर	प्रतिवर्ष ग्रीष्मावकाश में	कौशल विकास / स्वरोजगार विषय पर
14.	नैतिक शिक्षा / संस्कार शिविर	प्रतिवर्ष ग्रीष्मावकाश में	10 वीं तक के छात्र-छात्राओं हेतु।
15.	सामाजिक विषयों तथा कुरीतियों का उन्मूलन विषयक संगोष्ठियां	सुविधानुसार कभी भी, कहीं भी।	दहेज प्रथा, मृत्युभोज, अशिक्षा, बालिका शिक्षा, परिवार प्रबंधन आदि किसी भी विषय पर।
16.	आदर्श सास-बहूओं का सम्मान समारोह	कभी भी, कहीं भी।	सुविधानुसार यह आयोजन हो।
17.	आदर्श सास-ससुर का सम्मान समारोह	कभी भी, कहीं भी।	सुविधानुसार यह आयोजन हो।
18.	आदर्श पुत्र-पुत्रवधुओं का सम्मान समारोह	कभी भी, कहीं भी।	सुविधानुसार यह आयोजन हो।
19.	आदर्श संयुक्त परिवारों के मुखियाओं का सम्मान समारोह	कभी भी, कहीं भी।	सुविधानुसार यह आयोजन हो।
20.	दीपावली स्नेह मिलन समारोह	दीपावली के बाद किसी भी दिवस पर।	दीपोत्सव के दौरान या तुरन्त बाद यह आयोजन अवश्य ही हो।
21.	होली मिलन समारोह	होली के बाद किसी भी दिवस पर।	होली के तुरन्त बाद यह आयोजन अवश्य ही हो।
22.	गणगौर उत्सव	प्रतिवर्ष गणगौर पर्व पर।	गणगौर पर्व पर उसी दिन
23.	अन्य कोई क्षेत्रीय / स्थानीय उत्सव	सुविधानुसार किसी भी दिवस पर आयोजन हो।	क्षेत्रीय स्थानीय स्तर पर प्रचलित उत्सव को सुविधानुसार आयोजित किया जावे।

नोट : कृपया इस पंचांग में वर्णित दिवसों, उत्सवों, आयोजनों के अलावा भी अन्य कोई दिवस / उत्सव / आयोजन के बारे में समाजबन्धु हमें सुझाव देवें ताकि आपके उपयोगी सुझावों कोभी पंचांग में शामिल किया जा सके।

– प्रधान सम्पादक